# मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद

## सराहनीय कार्य पेपर कंटिग मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद।

## दिनांकः- 16-09-2024

**सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद अमरोहा**

**दिनाँक- 16-09-2024.**

## दुष्कर्म का आरोपित मौलाना गिरफ्तार कर जेल भेजा

जोया: किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म करने व उसकी अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाले मौलाना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वह चार महीना से फरार चल रहा था। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाला मौलाना नईम पर गांव की ही किशोरी ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म करने अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया था। जून 2024 में आरोपित मौलाना ने किशोरी से विवाद होने पर वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दी थी। इसपर किशोरी ने उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसी समय से मौलाना नईम फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि रविवार को आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। संसू

**सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद बिजनौर**

**दिनाँक- 16-09-2024**

## किशोर को निर्वस्त्र कर पीटने के मामले में चार गिरफ्तार किए


किशोर को पीटने वाल आरोपी।

धामपुर, संवाददाता। किशोर को निर्वस्त्र कर पीटने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। घटना के संबंध में किशोर के परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम कराया था। पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त कर शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया।

गांव अमखेड़ा संजरपुर निवासी चमन पुत्र दयाराम ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उनका बेटा गोविंद अपने दोस्त के साथ धामपुर गया था। आरोप है कि इस दौरान अज्ञात लोगों ने बेटे को पड़कर निर्वस्त्र कर एक कमरे में बंद कर बुरी तरह से मारपीट की। आरोपियों की मारपीट से बेटा लहूलुहान हो गया। पुलिस ने इस मामले में वीडियो के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शिनाख्त की। पुलिस ने आरोपी नितिन अग्रवाल, सनी, मनजीत, हेमराज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। उधर सीओ सर्वम सिंह का कहना है कि मामले में आरोपियों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# चांदपुर पुलिस ने पकड़े तीन हथियार तस्कर

विजनौर, संवाददाता। चांदपुर पुलिस ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए है। आरोपी आर्थिक मुनाफे के लिए हथियार खरीदने और बेचने का काम करते है। उन्होंने हथियार गांव बास्टा के पूर्व प्रधान और उसके पुत्र से खरीदे थे और वह इनको बेचने जा रहे थे।

चांदपुर पुलिस को सूचना मिली कि कार सवार कुछ लोग हथियारों की तस्करी करने जा रहे है। इसी के आधार पर पुलिस बास्टा मार्ग स्थित नहर के पुल पर पहुंची और उन्होंने एक कार को रोककर तलाशी ली। जिसमे 32 बोर की पिस्टल, 315 बोर का एक तमंचा, एक पौना राइफल व 12 बोर की बंदूक और 15 कारतूस मिले। पूछताछ में

■ तीनों अभियुक्त पूर्व प्रधान से हथियार खरीदकर जा रहे थे बेचने

आरोपियों ने अपना नाम चंद्रपाल सिंह उर्फ रवि पुत्र रामकिशन निवासी मोहल्ला काजीजादगान चांदपुर, बंटी सैनी पुत्र रघुवीर सिंह बास्टा और मनोज कुमार पुत्र महिपाल सिंह निवासी मानपुर बताया। उन्होंने बताया कि वह हथियारों की तस्करी करते है और उन्होंने यह हथियार चांदपुर के गांव बास्टा निवासी सरताज व उसके पुत्र कैफ से खरीदे है। बताया कि सरताज बास्टा का पूर्व प्रधान है। पुलिस ने आरोपियों को चालान कर कोर्ट में पेश किया और कोर्ट के आदेश पर सभी को जेल में दाखिल करा दिया।

## सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद मुरादाबाद
## दिनाँक- 16-09-2024

### फर्म कर्मचारी गिरफ्तार, 240 ग्राम चांदी बरामद

मुरादाबाद। कटघर क्षेत्र स्थित फर्म में काम करने वाले एक कर्मचारी ने ही 240 ग्राम चांदी पार कर दिया। फर्म मालिक की शिकायत पर कटघर पुलिस ने जांच कर आरोपी कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दिल्ली रोड रॉयल ग्रीन इनक्लेव निवासी सुभाष चंद्र औहरी की कटघर के बलदेवपुरी कमला विहार में इमेजंस इंक नामक फर्म है। सुभाष चंद्र ने पुलिस को बताया कि कटघर के ही छोटी मंडी गुलाबबाड़ी निवासी अनुराग सिंह उनके फर्म में नौकरी करता है। अनुराग ने फर्म से घर जाते समय 240 ग्राम चांदी चोरी कर ली। कटघर पुलिस ने जांच कर आरोपी फर्म कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी गई चांदी का माल बरामद कर लिया। ब्यूरो

# फिर पुलिस के हत्थे चढ़ा हिस्ट्रीशीटर तस्कर भंडारा

मुरादाबाद। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आदर्श कालोनी निवासी हिस्ट्रीशीटर नशे का तस्कर सतपाल भंडारा एक बार फिर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। फकीरपुरा चौकी पुलिस ने उसे 250 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसी साल जनवरी में पुलिस ने उसे स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था।

एसएचओ सिविल लाइंस मनीष सक्सेना ने बताया कि एसएसपी सतपाल अंतिल के निर्देश पर नशे का गोरखधंधा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान सोमवार को फकीरपुरा चौकी प्रभारी एसआई देवेंद्र कुमार ने मुखबिर की सूचना पर सोनकपुर पुल के नीचे रेल लाइन के पास से सतपाल भंडारा को गिरफ्तार किया। उसके पास से 250 ग्राम चरस बरामद की गई।

एसएचओ ने बताया कि आदर्श कालोनी निवासी आरोपी सतपाल भंडारा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

## सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद रामपुर
## दिनाँक- 16-09-2024

# धर्मांतरण कराने का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, जेल भेजा गया

### सत्यम को बना दिया था समीर, पुलिस ने आरोपी से तमंचा और कारतूस भी बरामद किए

संवाद न्यूज एजेंसी

शाहबाद (रामपुर)। 19 साल पहले सत्यम का नाम समीर रखकर कराए गए धर्मांतरण के मामले में आरोपी राशिद (50) को पुलिस ने रविवार की दोपहर मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है।

जिला हापुड़ के थाना पिलखुआ के मोहल्ला साकेत निवासी रामानंद की पत्नी मंजू की तहरीर के आधार पर धर्मांतरण कराने के संबंध में शाहबाद कोतवाल पंकज पंत ने रिपोर्ट दर्ज की थी। मां मंजू का आरोप था कि वर्ष 2005 में इनका बेटा सत्यम (10) गुम हो गया था। उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया गया था, लेकिन उस वक्त सत्यम नही मिला था।



धर्मांतरण का आरोपी राशिद। संवाद

इस बारह साल के बीच के लंबे अर्से के बाद सत्यम वर्ष 2017 में अपने घर हापुड़ लौट गया था। लेकिन वह सत्यम राय नहीं, बल्कि धर्मांतरण कर समीर बन गया था। हापुड़ में कुछ दिन रहने के बाद सत्यम राय उर्फ समीर वापस आ गया था। इसके बाद वह फिर कभी अपने घर हापुड़ नहीं गया। जिसके बाद मां मंजू उससे संपर्क करने का प्रयास करती रही, लेकिन बेटा घर आने को राजी नहीं था। अब इस प्रकरण में 13 सितंबर 2024 को मां मंजू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोप था कि इनका बेटा सत्यम राय शाहबाद जनपद रामपुर में राशिद नाम के व्यक्ति के घर पर रहता था। मां अपने बेटे सत्यम से मिली तो उसने बताया कि वह दिल्ली ओखला में काम करने चला गया था। दिल्ली के ओखला में कबाड़ का काम करने वाला शाहबाद के मोहल्ला बेदान निवासी राशिद सत्यम को अपने साथ शाहबाद स्थित घर ले आया था।

आरोप लगाते हुए कहा कि सत्यम को राशिद लगातार रुपये का प्रलोभन देकर इस्लाम धर्म में धर्मांतरण करा दिया था। आरोप था कि उसका खतना भी करवाया गया। सत्यम का नाम समीर रखकर उसे नमाज और कलमा भी पढ़वाया गया था। मां मंजू ने धर्मांतरण कराने वाले आरोपी राशिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी। रविवार को सूचना मिली कि आरोपी राशिद चंदौसी तिराहे के नजदीक लक्खी बाग स्थित किले के आगे खंडहर के पास खड़ा है।

सूचना पर जब पुलिस टीम आरोपी राशिद के पास पहुंची तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पुलिस टीम बाल-बाल बच गई। मुठभेड़ के दौरान कोतवाल पंकज पंत ने एक, दरोगा कुलदीप सिंह ने दो और आदेश कुमार ने एक राउंड फायर किया। इसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसको जेल भेज दिया गया।

## सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद सम्भल
## दिनाँक- 16-09-2024

# महिला को पीटने वाला तांत्रिक गिरफ्तार

गुन्नौर। कोतवाली क्षेत्र के राजघाट गंगा के शमशान घाट पर बीते गुरुवार को तांत्रिक द्वारा महिला को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें तांत्रिक महिला के साथ मारपीट करता हुआ दिखाई दे रहा था। रविवार को पुलिस ने आरोपी तांत्रिक गोपी यादव निवासी ईशमपुर और उसके सहयोगी वासुदेव उर्फ बाजीगर निवासी मीरमपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया।

# होमगार्ड से अभद्रता करने का आरोपी गिरफ्तार

संभल/गवां। कस्बा गवां में शुक्रवार शाम को एक युवक ने तैनात होमगार्ड चंद्रभान के साथ शराब के नशे में अभद्रता की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी मुख्तयार निवासी मोलनपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोपी को बंगाली वाला तिराहे से गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया।